संपादकीय

मुठभेड़ों पर आलोचनात्मक टिप्पणियां

यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता।

उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर (जिनके बारे में आरोप है कि उनमें ज्यादातर फर्जी होते हैं) और बुल्डोजर राज इतना आम फहम हो गया है कि उनसे कानून के राज के ध्वस्त होने को लेकर आशंकाएं गहराती चली गई हैं। देखा गया है कि मोटे तौर पर ऐसी कार्रवाइयों के निशाने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग होते हैं। चूकि उनसे सहानुभूति जताना आज राजनीतिक रूप से घाटे का सौदा माना जाता है, इसलिए उनसे जुड़ी घटनाओं पर सियासी दायरे में कोई बड़ा शोरगुल नहीं होता। इसको लेकर सवाल तभी उठते हैं, जब इनका निशाना राजनीतिक रूप से किसी रसूखदार समुदाय का व्यक्ति बने।

ऐसे ही सवाल अभी उत्तर प्रदेश में गर्म हैं। राज्य के सुल्तानपुर जिले में 28 अगस्त को एक गहने की दुकान में डकैती हुई, जिसमें करीब दो करोड़ रुपये के कीमती सामान लूट लिए गए। पुलिस ने धर-पकड़ शुरू की।छह दिन बाद एक 'मुठभेड़' में तीन लोगों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन यानी चार सितंबर को एक व्यक्ति ने अदालत में समर्पण कर दिया।

छह सितंबर को यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स ने मगेश यादव नाम के एक अभियुक्त को मुठभेड़ में मार गिराया। मगेश के परिजनों का आरोप है कि दो दिन पहले उसे एसटीएफ वाले पूछताछ के लिए घर से उठा ले गए थे और फिर मुठभेड़ में उसके मारे जाने की खबर आई। परिजनों का आरोप है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है। उसके बाद से राज्य में एनकाउंटर को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इस मामले में राज्य की योगी सरकार पर निशाना साधा है। लेकिन यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता। उलटे सरकार एनकाउंटर करने वालों को पुरस्कार देती रही है। आरोप है कि यूपी सरकार ने एनकाउंटर को राजकीय नीति बना रखा है और वह बेहिचक इसको आगे बढ़ा रही है।

रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्रवर्तकों और निवेशकों से मिलेगी 3,010 करोड़ की नई पूंजी

0-कर्ज भी होगा जीरो

मुंबई

अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्रवर्तकों से 1,100 करोड़ रुपये इक्विटी निवेश के जरिये और मुंबई के दो निवेश फर्मों से 1,910 करोड़ रुपये मिलने जा रहा है। कंपनी ने आज शेयर बाजार को यह जानकारी दी है।

इससे पहले, गुरुवार को कंपनी के बोर्ड ने 6 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त रकम जुटाने की योजना को मंजूरी दी थी। इनमें से 3,014 करोड़ रुपये तरजीही शेयर के जरिये और 3 हजार करोड़ रुपये पात्र संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिये जुटाए जाने थे।

पहले चरण में कंपनी 3,014 करोड़ रुपये का तरजीही प्लेसमेंट जारी करेगी जिसके तहत 240 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 12.56 करोड़ इक्विटी शेयर अथवा परिवर्तनीय वारंट जारी किए जाएंगे। इस निर्गम में से 1,104 करोड़ रुपये का निवेश रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्टर के प्रवर्तक अपनी कंपनी राइज इन्फिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिये करेंगे। राइज 4.60 करोड़ शेयर खरीदेगी।

तरजीही शेयर में शामिल होने वाले दो अन्य निवेशकों में मुंबई की फॉर्च्यून फाइनैंशियल ऐंड इक्विटीज सर्विसेज और फ्लोरिनट्री इनोवेशंस एलएलपी शामिल है।

फॉर्च्यून फाइनैंशियल ऐंड इक्विटीज सर्विसेज तरजीही निर्गम के जरिये 4.41 करोड़ शेयर खरीदकर 1,058 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और फ्लोरिनट्री इनोवेशंस 852 करोड़ रुपये लगाएगी।

कंपनी को 3.55 करोड़ शेयर मिलेंगे। फ्लोरिनट्री का स्वामित्व ब्लैकस्टोन के पूर्व अधिकार मैथ्यू सिरीक हैं और फॉर्च्यून फाइनैंशियल का स्वामित्व निमिष शाह के पास है। रिलायंस इन्फ्रा में प्रवर्तकों की 21.34 फीसदी हिस्सेदारी है।

इसके अलावा, तरजीही निर्गम के जरिये रिलायंस इन्फ्रा की कुल संपत्ति 9 हजार करोड़ रुपये से बढक़र 12 हजार करोड़ रुपये हो जाएगी और कंपनी पर कोई कर्ज भी नहीं रहेगा।

कंपनी पोस्टल बैलेट के जरिये शेयरधारकों की मंजूरी मांग रही है। उससे पहले कंपनी ने अपना ऋण देनदारी भी 87 फीसदी कम कर 475 करोड़ रुपये कर दिया था। तरजीही निर्गम से होने वाली आय का उपयोग कंपनी अपने कारोबार के विस्तार अथवा सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश के माध्यम से करेगी, जिसमें दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करना शामिल है।

टाटा स्टील के कलिंगनार संयंत्र में देश का सबसे बड़ा ब्लास्ट फर्नेस चालू

नईदिल्ली

टाटा स्टील ने अपने कलिंगनगर संयंत्र में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस को चालू किया जो संयंत्र की उत्पादन क्षमता को 30 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 80 लाख टन प्रति वर्ष करने में मदद करेगा। ब्लास्ट फर्नेस एक एकीकृत इस्पात विनिर्माण संयंत्र का प्रमुख घटक होता है जो 1500 सेल्सियस तक के तापमान पर भी गर्म धातु का उत्पादन करने के लिए जरूरी है।

टाटा स्टील ने नवंबर, 2018 में ओडिशा में अपनी कलिंगनगर परियोजना के विस्तार के लिए 27,000 करोड़ रुपये के दूसरे चरण की शुरुआत की थी। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि टाटा स्टील ने शुक्रवार को कलिंगनगर में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस को सफलतापूर्वक चालू किया।

कंपनी ने कहा कि ओडिशा बीते 10 वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ भारत में टाटा स्टील का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन गया है।

टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा, ''कलिंगनगर में भारत के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस का चालू होना इस्पात उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह क्षमता, प्रौद्योगिकी और स्थिरता में नए मानक स्थापित करता है।

टाटा स्टील ने कहा कि 5,870 घन मीटर क्षमता वाला यह फर्नेस इस्पात निर्माण प्रक्रिया को अनुकूल बनाने के लिए पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन से लैस है।

विस्तार परियोजना में कच्चे माल की क्षमता का विस्तार, अपस्ट्रीम और मिड-स्ट्रीम सुविधाएं, बुनियादी ढांचा और कोल्ड रोलिंग मिल कॉम्प्लेक्स सहित डाउनस्ट्रीम सुविधाएं शामिल हैं।

अदाणी टोटल गैस ने विस्तार के लिए 37.5 करोड़ डॉलर का वित्त जुटाया

नईदिल्ली। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने अपने कारोबार के विस्तार के लिए वैश्विक कर्जदाताओं से 37.5 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण हासिल किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं के साथ निष्पादित 37.5 करोड़ डॉलर के पहले वित्तपोषण में प्रतिबद्धताओं को बढ़ाने के लिए ऋणसुविधा के साथ 31.5 करोड़ डॉलर की प्रारंभिक प्रतिबद्धता शामिल है। प्रारंभिक वित्तपोषण में पांच अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं ने भाग लिया। इनमें बीएनपी पारिबा, डीबीएस बैंक, मिजुहो बैंक, एमयूएफजी बैंक और सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन शामिल हैं। अदाणी समूह और फ्रांस की ऊर्जा कंपनी टोटलएनर्जीज के संयुक्त उद्यम ने कहा, यह सुविधा पूंजीगत व्यय कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाएगी। इससे एटीजीएल को अपने शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क को 13 राज्यों में अपने 34 अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में तेजी से फैलाने में मदद मिलेगी।

ओवाईओ करेगी मोटेल 6 का अधिग्रहण, 52.5 करोड़ डॉलर में होगी डील

नईदिल्ली

अमेरिका की बजट होटल चेन मोटेल 6 अब स्टार्टअप ओवाईओ का हिस्सा बनेगी। प्राइवेट इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन ने मोटेल 6 ब्रांड की कंपनी जी6 हॉस्पिटैलिटी को ओवाईओ को बेचने पर सहमति दी है। यह सौदा 52.5 करोड़ डॉलर में पूरी तरह नकद डील के रूप में होगा। रिपोर्ट के अनुसार, यह डील इस साल के अंत तक पूरी हो सकती है। इस सौदे में मोटेल 6 के साथ उसका अन्य होटल ब्रांड स्टूडियो 6 भी शामिल होगा। ओवाईओ ने 2019 में अमेरिकी बाजार में प्रवेश किया था।

ओवाईओ की पेरेंट कंपनी ओरावेल स्टेज़ ने कहा है कि उसने जी6 हॉस्पिटैलिटी का अधिग्रहण करने पर सहमति जताई है। जी6 हॉस्पिटैलिटी अमेरिका की अग्रणी इकोनॉमी लॉजिंग फ्रैंचाइज़र और मोटेल 6 तथा इसके ऑफशूट होटल ब्रांड स्टूडियो 6 की पेरेंट कंपनी है। यह सौदा 2024 की चौथी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है, जो कि सामान्य शर्तों के पूरा होने पर निर्भर करेगा।

मोटेल 6 का फ्रेंचाइज़ नेटवर्क हर साल 1.7 बिलियन डॉलर का ग्रॉस रूम रेवेन्यू उत्पन्न करता है, जो जी6 के लिए मजबूत फीस बेस और नकद प्रवाह सुनिश्चित करता है।

ओवाईओ ने कहा है कि वह अपनी उन्नत तकनीक, वैश्विक वितरण नेटवर्क और मार्केटिंग विशेषज्ञता का उपयोग करके मोटेल 6 और स्टूडियो 6 ब्रांड्स को और मजबूत करेगी और उनके वित्तीय विकास को गति देगी।

ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म ओवाईओ ने 2019 में अमेरिका में अपनी शुरुआत के बाद से धीरे-धीरे वहां अपना विस्तार किया है। फिलहाल, कंपनी अमेरिका के 35 राज्यों में 320 से ज्यादा होटलों का संचालन कर रही है। 2023 में ओवाईओ ने अमेरिका में अपने पोर्टफोलियो में लगभग 100 नए होटल जोड़े हैं। कंपनी का लक्ष्य है कि वह 2024 में करीब 250 और होटलों को अपने नेटवर्क में शामिल करेगी।

ऋषभ पंत ने इंटरनेशनल क्रिकेट में मचाया तहलका, धोनी के महारिकॉर्ड की कर ली बराबरी

नईदिल्ली

बांग्लादेश के साथ खेले जा रहे चेन्नई टेस्ट मैच में टीम इंडिया की जीत लगभग पक्की हो चली है. भारत ने बांग्लादेश को 515 रनों का लक्ष्य दिया है. चेन्नई टेस्ट की दूसरी पारी में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऋषभ पंत और शुभमन गिल ने सेंचुरी बना दी है. पंत ने शतक लगाने के साथ ही पूर्व भारतीय दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी की बराबरी कर ली है.

638 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने चेन्नई टेस्ट में 128 गेंदों पर 109 रनों की शानदार पारी खेली. इस पारी में उन्होंने 13 चौके और 4 खूबसूरत छक्के भी लगाए. पंत की पारी वाकई लाजवाब रही और हर कोई उनकी शानदार वापसी की तारीफ कर रहा है.

टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शतक लगाकर इतिहास रच दिया है. पंत ने 58 पारियों में 6 शतक लगाने का बड़ा कारनामा किया है. इसी के साथ उन्होंने धोनी की बराबरी कर ली है. जहां, एमएस धोनी ने 144 पारियों में 6 सेंचुरी लगाई; वहीं पंत 58 पारियों में 6 शतक लगा चुके हैं.

ऋषभ पंत आज दुनियाभर में मौजूद युवाओं के लिए मिसाल बन चुके हैं. उन्होंने 638 दिनों के बाद चेन्नई टेस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और शानदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए शतक ठोक दिया. उन्होंने इससे टेस्ट टेस्ट दिसंबर 2022 में खेला था. उसके बाद 30 दिसंबर को पंत को भयानक एक्सीडेंट हुआ था, जिसके कारण लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा. उन्होंने इस साल जून में इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी. अब उनकी टेस्ट में एक यादगार वापसी हो गई है.

गिल और पंत के शतक, भारत ने बांग्लादेश को दिया 515 रन का लक्ष्य

चेन्नई

शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शानदार शतकों की मदद से भारत ने चेपॉक में पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को अपनी दूसरी पारी लंच के बाद 287/4 पर घोषित कर बांग्लादेश को 515 रनों का विशाल लक्ष्य दिया।

इससे पहले टीम इंडिया ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम मात्र 149 रन पर सिमट गई थी। दूसरी पारी में 227 रन की बढ़त के साथ भारत ने इसे 515 रन के बड़े लक्ष्य तक पहुंचाया।

टीम इंडिया की दूसरी पारी की बात करे तो, इस बार भी बांग्लादेश की टीम शुरुआत विकेट हासिल करने में सफल रही। लेकिन पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद गिल ने दूसरी पारी में 119 रन की शानदार नाबाद पारी खेली जिसमें 10 चौके और 4 छक्के शामिल थे। जबकि ऋषभ पंत ने उनका पूरा साथ देते हुए शतक जमाया। इस दौरान उन्होंने 13 चौके और 4 छक्के लगाते हुए 109 रन की पारी खेली।

दोनों ने चौथे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी करके बांग्लादेशी गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। दूसरे सत्र में सबका ध्यान इस पर ही था कि भारत अपनी पारी कब घोषित करेगा।

इन दोनों के अलावा केएल राहुल ने नाबाद 22, विराट कोहली ने 17, यशस्वी जायसवाल ने 10 और रोहित शर्मा ने 5 रन बनाए। वहीं बांग्लादेश की ओर से दूसरी पारी में मेहदी हसन मिराज ने 2 विकेट लिए। नाहिद राणा और तस्कीन अहमद को 1-1 विकेट मिला।

सनी सिंह की नई फिल्म अमर प्रेम की प्रेम कहानी का हुआ ऐलान, पहला पोस्टर जारी

सनी सिंह को आखिरी बार फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।इस फिल्म में वरुण शर्मा, जस्सी गिल और मनजोत सिंह जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह फिल्म 10 जुलाई, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।अब सनी ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम अमर प्रेम की प्रेम कहानी है।इस फिल्म में सनी के साथ अभिनेता आदित्य सील भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

अमर प्रेम की प्रेम कहानी का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें सनी और आदित्य की झलक दिख रही है। पोस्टर में न केवल आदित्य सील और सनी सिंह के बीच की केमिस्ट्री दिखाई गई है, बल्कि यह भावनात्मक रूप से चार्ज की गई कहानी के लिए टोन भी सेट करता है। कैप्शन में लिखा है, जोड़ी इनकी है निराली, अमर और प्रेम अपनी कहानी लेकर आ गए हैं ।।अमरप्रेमकीप्रेमकहानी 4 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग होगी, केवल जियो सिनेमा प्रीमियम पर।

फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, पार्थ गज्जर और पूनम श्रॉफ सहित एक गतिशील टीम द्वारा किया गया है। उनकी संयुक्त विशेषज्ञता एक उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन का वादा करती है जो कहानी की भावनात्मक गहराई और सांस्कृतिक महत्व दोनों को दर्शाती है।

अमर प्रेम की प्रेम कहानी एक ऐतिहासिक फिल्म होने का वादा करती है, जिसमें आदित्य सील और सनी सिंह एक ऐसी कहानी में शक्तिशाली प्रदर्शन करते हैं जो समलैंगिक प्रेम का जश्न मनाती है।

अद्वय की पैन इंडिया फिल्म सुब्रह्मण्यम का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट

कन्नड़ सुपरस्टार डॉ. शिव राजकुमार ने आगामी पैन इंडिया फिल्म सुब्रह्मण्य में मुख्य अभिनेता अद्वय का ध्यान आकर्षित करने वाला पहला लुक लॉन्च किया है। पी. रविशंकर द्वारा निर्देशित, सामाजिक-काल्पनिक साहसिक फिल्म का निर्माण थिरुमल रेड्डी और अनिल कडियाला ने एसजी मूवी क्रिएशन के बैनर तले किया है। विनायक चतुर्थी के अवसर पर अनावरण किए गए फिल्म के पहले पोस्टर में अद्वय को मुख्य भूमिका में दिखाया गया है, जो विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पोशाक पहने हुए हैं और अपनी तीव्रता दिखा रहे हैं। 60% निर्माण पूरा हो जाने के बाद, मुंबई के रेड चिलीज़ स्टूडियो में पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है, मुंबई, हैदराबाद, बैंगलोर और चेन्नई के प्रमुख स्टूडियो में वीएफएक्स और सीजीआई का काम चल रहा है।

आज का राशिफल

मेष: आज आपका दिन नॉर्मल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का आज का दिन पढ़ाई में मन लगा रहेगा। दोस्तों के साथ आज बाहर जाने का प्लान बनेगा। आज परिवार से संबंधित लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय सकारात्मक रहेंगे।

वृष: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पहले की अपेक्षा आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छे सौगात लेकर आया हैं, आज आपके कामों की तारीफ हो सकती हैं।

मिथुन: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मीडिया और मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय से नई-नई जानकारियां मिलेंगी। जिससे आपकी कार्यप्रणाली में भी गति आएगी। महिलाएं अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगी।

कर्क: आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लेकर आयेगा। घर वालों का भरपूर प्यार आपको मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाऐंगे। इस राशि के जो लोग किसी दूसरे राज्य में व्यापार की शुरुआत करना चाहते हैं आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं।

सिंह: आज अपने दिन की शुरुआत नए उमंगों के साथ करेंगे। आज जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपकी सकारात्मक संतुलित सोच द्वारा योजनाबद्ध तरीके से दिनचर्या बीतेगी, जिससे आपका उत्साह और मनोबल बना रहेगा।

कन्या: आज आपका दिन रचनात्मक कार्यों में लगा रहेगा। आज पिछले कुछ समय से जिस काम के लिए प्रयास कर रहे थे, आज उससे संबंधित खुशखबरी मिल सकती हैं। परंतु दूसरों से उम्मीद रखने की बजाय अपनी योग्यता पर विश्वास रखना ज्यादा बेहतर रहेगा।

तुला: आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे जो आपके लिए इम्पोर्टेन्ट हैं। साथ ही आपको काम, परिवार और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए।

वृश्चिक: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों का अपने घर के मामले में हस्तक्षेप ना होने दें। आज आपके अपने नजदीकी लोग ही आपके लिए कुछ दिक्कतें पैदा करेंगे।

धनु: आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आज आप आर्थिक स्थिति को देखते हुए भविष्य की प्लानिंग बना सकते हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम जल्द ही मिलेगा।

मकर: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस रखना जरूरी है। इससे व्यवसाय में आपकी मेहनत के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। नौकरी करने वाले लोगों को काम की अधिकता बनी रहेगी।

कुंभ: आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। शाम को आप किसी सामारोह में जायेंगे जिसमें आपकी मुलाकात किसी खास व्यक्ति से होगी। व्यापार को बढ़ाने के लिए किसी अच्छी कंपनी से डील फिक्स करेंगे।

मीन: आज का दिन पहले की अपेक्षा ज्यादा लाभ दिलाने वाला रहेगा। आज आपको अपनी मेहनत पर भरोसा करके काम करना चाहिए आपके काम सफल होंगे।

रोजाना लगाती हैं लिपस्टिक, तो जानें इसके नुकसान

इन दिनों स्कूल से लेकर ऑफिस जाने वाली हर महिला लिपस्टिक का इस्तेमाल करती है. लिपस्टिक में अलग अलग रंग मौजूद होते है. वहीं काफी सारी लड़कियां तो लिपस्टिक का इस्तेमाल अपने कपड़े के रंग के साथ मैच करती है. इन दिनों लड़कियां बिना लिपस्टिक के तो घर से बाहर जाने के बारे में सोच ही नहीं सकती है. वहीं काफी सारी महिलाओं का पहला प्यार लिपस्टिक होती है. लेकिन क्या आप जानते है कि अगर आप रोजाना लिपस्टिक का इस्तेमाल करती है, तो ये आपके लिए कितना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है. आइए आपको इसके नुकसान के बारे में बताते है.

होंठों का नेचुरल रंग खराब- हमेशा लिपस्टिक लगाए रखने से होंठों का जो नेचुरल रंग होत है वो काफी ज्यादा प्रभावित होता है. इसका जो कारण है वो है लिपस्टिक में अलग अलग टाइप के केमिकल्स होते हैं. जो कि होठों के नेचुरल रंग को काफी ज्यादा प्रभावित करता है.

होठों में रूखापन - अगर आप रोजाना लिपस्टिक का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपके होठों में रूखापन आ जाता है. वहीं लिपस्टिक में मौजूद जो केमिकल्स होते है. उसकी वजह से होठों की जो नमी होती है, वो चली जाती है और आपके होंठ सूख जाते है और फट जाते हैं.

क्वालिटी का ध्यान रखें - आप जब भी लिपस्टिक लगाएं तो कोशिश करें कि आप हमेशा बेस्ट क्वालिटी की लिपस्टिक ही लगाएं. अगर आप अच्छी क्वालिटी की लिपस्टिक नहीं लगाएंगे तो इससे आपको एलर्जी भी हो सकती है.

लिपस्टिक को चाटना खतरनाक - काफी सारी लड़कियों की आदत होती है कि वो अपनी लिपस्टिक को चाट जाती हैं. जिसकी वजह से उनके शरीर में काफी सारे केमिकल्स चले जाते है. जो कि आपके शरीर को नुकसान पहुंचाता है.

काले होंठ - अगर आप रोजाना लिपस्टिक लगाती है और उसके बाद लगाना बंद कर देते है, तो इससे आपके होंठों पर काले धब्बे पडऩे लगते हैं. जो कि काफी ज्यादा खराब लगते हैं.

शब्द सामर्थ्य- 185

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 184 का हल

चु	स्त	■	मु	■	सं	स्था	न	■
ग	■	म	र्दा	न	गी	■	त	म
ली	प	ना	■	■	त	न	■	■
■	ना	ना	■	■	■	■	ज	■
मा	ह	■	रा	■	सा	ज	न	■
न	■	स	ह	दे	व	■	म	द
व	■	म	■	व	न	ज	■	ल
ता	क	त	व	र	■	मी	■	द
■	ल	ल	क	■	क	र	त	ल

सू-दोकू- 185

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.184 का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5